प्रेस विज्ञप्ति

<u>शिक्षण संस्थान में यातायात शिक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम</u>

दिनांक:-22.08.2025

श्रीमान ओम प्रकाश पुलिस आयुक्त जोधपुर के निर्देशानुसार श्री शहिन सी. पुलिस उपायुक्त मुख्यालय एवं यातायात जोधपुर, श्री दुर्गाराम चौधरी अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात जोधपुर के नेतृत्व में आज दिनांक-22.08.2025 को श्री माहेश्वरी सीनियर सैकेण्डरी स्कूल व श्री महेश सीनियर सैकेण्डरी स्कूल सिंवाची गेट जोधपुर में यातायात शिक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री शहिन सी. पुलिस उपायुक्त मुख्यालय एवं यातायात जोधपुर द्वारा प्रदेश और देश में बढती सड़क दुर्घटना के प्रमुख कारणों में से नाबालिग द्वारा वाहन चलाना भी सड़क दुर्घटना का कारण होना बताया तथा मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 199 ए के बारे में बताते हुए नाबालिग विद्यार्थियों को जब तक बालिग नहीं हो जाते तब तक वाहन नहीं चलाने व बालिग होने पर लाईसेंस बनाकर यातायात नियमों की पूर्ण पालना करते हुए वाहन चलाने की समझाईश की गई।

श्री दुर्गाराम चौधरी अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात द्वारा नाबालिग विद्यार्थियों द्वारा वाहन चलाने पर होने वाले नुकसान व नाबालिग द्वारा वाहन चलाने पर चालानी प्रक्रिया से लेकर उनके निस्तारण व कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

यातायात शिक्षा के श्री हनुमानसिंह हैडकानि द्वारा यातायात शिक्षा मोबाईल वैन के माध्यम से यातायात नियमों की पीपीटी तथा हेलमेट लघु फिल्म दिखाकर विद्यार्थियों को हेलमेट लगाने, सीटबेल्ट लगाने, निर्धारित गति से तेज नहीं चलाने, वाहन चलाते समय मोबाईल पर बात नहीं करने, गलत दिशा में वाहन नही चलाने, नशा करके वाहन नहीं चलाने की समझाईश की। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को तुरन्त अस्पताल पहुंचाने व त्वरित मदद करने वाले गुड सेमेरिटन (अच्छे मददगार) के माननीय उच्चतम न्यायालय के दिशा-निर्देशों एवं ''मुख्यमंत्री आयुष्मान जीवन रक्षा योजना'' के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा यातायात नियमों के पेम्पलेट वितरित किये गये। कार्यक्रम के अन्त में प्रधानाचार्य श्री प्रेमप्रकाश शर्मा व श्री रमेशचन्द्र दूबे द्वारा यातायात नियमों की सम्पूर्ण पालना करने का विश्वास दिलाते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

यातायात पुलिस आयुक्तालय जोधपुर द्वारा समस्त आमजन से अपील की जाती है कि अपना वाहन यातायात नियमों की पूर्ण पालना करते हुए चलायें।

(दुर्गाराम चौधरी)

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त

यातायात आयुक्तालय जोधपुर